<u>ई मेल/सीसीटीएनएस/अति महत्वपूर्ण</u>

उत्तर प्रदेश पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय,

महानगर लखनऊ 226006

पत्रांक–टीएस–सीसीटीएनएस–98/2018 दिनांक:लखनऊ:फरवरी 23, 2019

सेवा में,

1. समस्त जोन कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
2. समस्त परिक्षेत्र कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।
3. <u>समस्त जनपद कोऑर्डिनेटर कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए) उत्तर प्रदेश।</u>

विषय:–पुलिस विभाग द्वारा प्रदत्त सेवाओं एवं उ0प्र0पुलिस के विभागीय पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों की सेवाओं हेतु सिटीजन सर्विसेज में उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट एवं UPCOP Mobile app के माध्यम से अन्य सेवाओं के साथ "पोस्टमार्टम रिपोर्ट" को पुलिस विभाग के नागरिक सेवाओं के अन्तर्गत डाउनलोड नहीं होने की समस्या के दृष्टिगत वर्तमान में आवेदक को "पोस्टमार्टम रिपोर्ट" मेल को माध्यम से प्रेषित किये जाने विषयक।

सन्दर्भ:–समांक पत्र दिनांकित 20.07.2018, 30.07.2018

कृपया अवगत कराना है कि सीसीटीएनएस योजना के अन्तर्गत आम नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं के दृष्टिगत थाना स्तर पर या उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट (uppolice.gov.in) या UPCOP Mobile app पर विभिन्न सेवा–अनुरोधों के निस्तारण के लिये आम नागरिक द्वारा प्रत्येक सर्विसेज के लिए आवेदन करने के उपरान्त निर्धारित समय अवधि में सेवा प्राप्त हो जाना चाहिए।

2. जैसा कि पुलिस विभाग द्वारा प्रदत्त सेवाओं एवं उ0प्र0पुलिस के विभागीय पोर्टल के माध्यम से आम नागरिकों की सेवाओं हेतु सिटीजन सर्विसेज में उ0प्र0 पुलिस की वेबसाइट एवं UPCOP Mobile app के माध्यम से अन्य सेवाओं के साथ **"पोस्टमार्टम रिपोर्ट"** के आवेदकों को उनके द्वारा आवेदन के उपरान्त पोस्टमार्टम रिपोर्ट को डाउनलोड किये जाने की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है जिसे विकसित किये जाने की कार्यवाही प्रचलित है अतः अग्रिम व्यवस्था तक **"पोस्टमार्टम रिपोर्ट" आवेदकों को मेल के माध्यम से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

3. आम नागरिकों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं हेतु मासिक गोष्ठियों एवं अपराध गोष्ठी अथवा समीक्षा बैठक में अधिकारियों/कर्मचारियों एवं सीसीटीएनएस भिज्ञ पुलिस कार्मियों को उपरोक्त के दृष्टिगत जागरूक करें, साथ ही इसका पर्यवेक्षण व अनुश्रवण भी नियमित रूप से करते रहें। इस महत्वपूर्ण बिन्दु को आप गंभीरता से लें। उक्त कार्य में शिथिलता न आने पाये इस हेतु जोन/ परिक्षेत्र/ जनपद के पुलिस प्रमुख प्रभारी इस कार्यवाही व प्रक्रिया में सूचना

अंकित कराये जाने हेतु नियमित पर्यवेक्षण करते रहेंगे। यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो तकनीकी सेवायें मुख्यालय में नियुक्त सुश्री तरू माथुर, प्रोग्रामर ग्रेड–2, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ सीयूजीनं0–9454405237 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।

<u>संलग्नक–यथोपरि मेल द्वारा प्रेषित।</u>

23/2

(आशुतोष पाण्डेय)
अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. श्री सुमित गुप्ता, प्रोजेक्ट मैनेजर, एन0आई0आई0टी0 को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त ऐप्प में डाउनलोड किये जाने की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता पर विकसित कराना सुनिश्चित करें।
2. सुश्री तरू माथुर, प्रोग्रामर ग्रेड–2, उ0प्र0 पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ को एनआईआईटी एवं सम्बन्धित से समन्वय हेतु।
3. श्री अम्बरीश सिंह, प्रतिनिधि एन0आई0आई0टी0।
4. श्री नवीन, प्रतिनिधि एन0आई0आई0टी0।
5. श्री मयंक तिवारी, प्रतिनिधि एन0आई0आई0टी0।
6. श्री दिग्विजय, कम्प्यूटर आपरेटर (ग्रेड–ए), उ0प्र0 पुलिस तकनीकी सेवायें मुख्यालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि समस्त कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए को क्यू–मेल के माध्यम से प्रेषित किये जाने व अभिलेखार्थ रिपोर्ट उपलब्ध कराये जाने हेतु।
7. प्रभारी ईमेल को पत्र मेल व वेबसाइट पर अपलोड किये जाने हेतु।